कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

Web site- www.gdcr.ac.in
महाविद्यालय कोड–1901

Email: principal@digvijaycollege.co
: & Fax 07744-225036

क्र/ GDCR/ Q / 2022 1498 — राजनांदगांव दिनांक 22/11/2022

प्रति–

समस्त प्राचार्य
शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय/विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़

विषय : मंहत राजा दिग्विजयदास स्मृति राज्य स्तरीय साहित्य लेखन प्रतियोगिता की प्रविष्टि आमंत्रित।

राजनांदगांव के वैरागी महंत राजा दिग्विजयदास की स्मृति में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाने वाली साहित्य लेखन प्रतियोगिता इस वर्ष **हिंदी कहानी लेखन** पर आधारित है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले नियमित विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना है।

अतः कृपया इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नियमित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाए। प्रतियोगिता के नियम और शर्तें संलग्न हैं!

डॉ. के. एल. टाण्डेकर
प्राचार्य

Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)

संलग्न–

1. नियम और शर्ते–2 पृष्ठ

All College
22.11.2022

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव, (छत्तीसगढ़)

हिंदी विभाग

महंत राजा दिग्विजयदास स्मृति कहानी लेखन प्रतियोगिता 2022

प्रथम पुरस्कार 7000/

द्वितीय पुरस्कार 5000/

तृतीय पुरस्कार 3000/

अंतिम तिथि : 28 फरवरी 2023

प्रविष्टि मेल करें dmvhindi1957@gmail.com पर।

नियम और शर्तें :

1. यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ राज्य के महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले नियमित विद्यार्थियों/शोधार्थियों की साहित्यिक प्रतिभा को विकसित करने के उददेश्य से महंत राजा दिग्विजयदास की स्मृति में प्रत्येक वर्ष शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित की जाती है।

2. प्रविष्टियों का मूल्यांकन कम से कम तीन विशेषज्ञों से अलग–अलग करवाया जाता है जो निर्धारित मानकों के अनुसार अंक प्रदान करते हैं। कुल प्राप्तांकों का औसत निकाल कर प्रवीणता सूची निर्धारित की जाती है।

3. विजेताओं को महंत राजा दिग्विजयदास की जयंती पर अथवा महाविद्यालय के किसी बड़े आयोजन में पुरस्कृत और सम्मानित किया जाता है। पुरस्कार प्राप्ति के लिए आने वाले विजेताओं को किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता नहीं दिया जाता है।

4. प्रतियोगिता में प्राप्त समस्त प्रविष्टियों की श्रेष्ठ रचनाओं को महाविद्यालय द्वारा पुस्तकाकार प्रकाशित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस पुस्तक का स्वामित्व शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पास होगा।

5. प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को अपनी संस्था प्रमुख से वहां के नियमित विद्यार्थी/शोधार्थी होने का प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा। स्पष्ट

करना है कि शोधार्थी से यहां तात्पर्य संस्था/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में पंजीकृत शोधार्थी है। किसी प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।

6. वर्ष 2022 की प्रतियोगिता **हिंदी कहानी लेखन** पर आधारित है। इसके लिए शब्द सीमा कम से कम 1000 और अधिकतम 3000 निर्धारित की गई है। कहानी मौलिक होनी चाहिए और इसके लिए प्रतिभागी को स्वयं का घोषणा पत्र लगाना अनिवार्य है।

7. कहानी का माध्यम हिंदी भाषा होगी और कृतिदेव–10 फॉन्ट में वर्डफाइल में लिखी होनी चाहिए। किसी अन्य फॉन्ट अथवा यूनीकोर्ड में लिखकर बदली हुई प्रवृष्टि भी प्रतियोगिता में शामिल नहीं की जाएगी।

डॉ. शंकर मुनि राय
संयोजक एवं विभागाध्यक्ष –हिंदी
विभागाध्यक्ष (हिंदी)
शासकीय दिग्विजय स्वशासी
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

डॉ. के. एल. टाण्डेकर
प्राचार्य
Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)